अनुक्रमांक ..................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम .............................................. पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2016
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "शिक्षण पुनर्बलन की आकस्मिकताओं का क्रम है।" यह परिभाषा है - **(1)**

(A) एन. एल. गेज (B) बी. एफ. स्किनर

(C) बी. ओ. स्मिथ (D) के. पी. पाण्डेय

**2.** शिक्षण का मूलभूत सिद्धान्त है - **(1)**

(A) क्रियाशीलता का सिद्धान्त (B) अन्वेषण का सिद्धान्त

(C) आगमन विधि का सिद्धान्त (D) उपर्युक्त सभी

**3.** शिक्षण का सर्वाधिक महत्वूपर्ण उद्देश्य है - **(1)**

(A) बालक का स्वास्थ्य ठीक रखना (B) उपयोगी ज्ञान प्रदान कर सर्वांगीण विकास करना

(C) पर्यावरण की शिक्षा देना (D) जनसंख्या शिक्षा देना

**4.** वैयक्तिक सम्प्रेषण का उद्देश्य है - **(1)**

(A) छात्रों में व्यक्तिगत विभिन्नताएँ होती हैं। (B) बालकों की विशिष्ट योग्यताओं और व्यक्तित्व का विकास होत है।

(C) साधारण बालकों के लिए व्यक्तिगत शिक्षण आवश्यक (D) उपर्युक्त सभी।

**5.** 'पूर्ण से अंश की ओर' का शिक्षण-सूत्र आधारित है - **(1)**

(A) गेस्टाल्ट मनोविज्ञान पर (B) बाल मनोविज्ञान पर

(C) प्राणी विज्ञान पर (D) जीव विज्ञान पर

**6.** 'बचाव निदान का उच्चतम स्तर है', यह कथन है - **(1)**

(A) रॉस का (B) नन का

(C) स्मिथ का (D) मॉरिस का

**7.** 'क्रियापरक शिक्षण-विधि' का अर्थ है - **(1)**

(A) शिक्षक के शिक्षण द्वारा सीखना (B) छात्र का अपनी स्वयं की क्रिया के द्वारा ज्ञान प्राप्त करना

(C) गृहकार्य के द्वारा सीखना (D) भ्रमण के द्वारा सीखना

**8.** 'प्रस्तावना' कौशल का प्रमुख घटक है - **(1)**

(A) प्रश्नों की संरचना (B) लेखन की स्पष्टता

(C) उचित श्रृंखलाबद्धता (D) कथनों में तारतम्यता

**9.** कहानी कहने में 'क्रमबद्ध घटनाओं के वर्णन' पर ध्यान रखा जाता है, यह किस प्रकार की शिक्षण प्रविधि है? **(1)**

(A) प्रश्नोत्तर प्रविधि (B) वर्णन प्रविधि

(C) विवरण प्रविधि (D) व्याख्यान प्रविधि

**10.** गणित किट का उपकरण है - **(1)**

(A) डोमिनोज (B) बीकर

(C) क्लैम्प (D) इनमें से कोई नहीं

**11.** तर्कात्मक क्रम से शिक्षण कराने से स्थायी एवं ठोस होता है - **(1)**

(A) स्मृति (B) शिक्षण

(C) अधिगम (D) व्याख्यान

**12.** सम्प्रेषण के लिए कक्षा का वातावरण होना चाहिए - **(1)**

(A) सौहार्दपूर्ण (B) नीरस

(C) अनुशासनात्मक (D) प्रकाशपूर्ण

**13.** शिक्षण प्रक्रिया में समाहित प्रक्रिया होती है - **(1)**

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

**14.** बच्चों से कदमताल कराना, हाथ ऊपर नीचे कराना तथा दाएँ-बाएँ मुड़ने के लिए कहना, ये गतिविधियाँ हैं- **(1)**

(A) शारीरिक गतिविधि (B) मानसिक गतिविधि

(C) शारीरिक व मानसिक दोनों गतिविधियाँ (D) न तो शारीरिक न ही मानसिक गतिविधि

**15.** 'उपचारात्मक शिक्षण' का प्रमुख कार्य है - **(1)**

(A) लेख में सुधार करना (B) दोषपूर्ण अध्ययन एवं अध्यापन के प्रभाव को दूर करना

(C) सुलेख पर बल देना (D) गृहकार्य देना

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** शिक्षण की कोई एक परिभाषा लिखिए। **(1)**

**17.** शिक्षण की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**18.** संप्रेषण से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**19.** खेल पर आधारित शिक्षण विधि के दो सोपान लिखिए। **(1)**

**20.** रुचिपूर्ण शिक्षण से क्या तात्पर्य है? **(1)**

**21.** दक्षता आधारित शिक्षण विधि के दो सोपान लिखिए। **(1)**

**22.** उत्तम शिक्षण अधिगम सामग्री की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**23.** शिक्षण अधिगम सामग्री को कितने भागों में वर्गीकृत किया गया है ? **(1)**

**24.** शिक्षण के संज्ञानात्मक क्षेत्र का बालक की किन क्रियाओं से सम्बन्ध होता है ? **(1)**

**25.** पुनर्बलन कौशल से क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**26.** सहभागी शिक्षण के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**27.** शिक्षण की आगमन विधि से क्या अभिप्राय है ? **(1)**

**28.** ज्ञात से अज्ञात की ओर शिक्षण सूत्र किस तथ्य पर आधारित है ? **(1)**

**29.** शिक्षण में 'अभिप्रेरणा का सिद्धान्त' से क्या आशय है? **(1)**

**30.** 'अध्यापन आदेशात्मक न होकर निर्देशात्मक होना चाहिए' इस कथन से क्या आशय है ? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 'सम्प्रेषण की कक्षा अध्यापन में क्या उपयोगिता है', स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**32.** शिक्षण प्रक्रिया में शिक्षण सूत्रों का क्या महत्व है? संक्षेप में लिखिए। **(2)**

**33.** 'प्रयोग प्रदर्शन युक्ति' से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**34.** 'बाल-केन्द्रित शिक्षण' तथा 'शिक्षण-केन्द्रित शिक्षण' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**35.** बहुकक्षा शिक्षण क्या है? शिक्षण में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**36.** शिक्षण कौशलों के एकीकरण का क्या अर्थ है ? शिक्षण में इसकी उपयोगिता स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**37.** अपेक्षित अधिगम स्तर की प्राप्ति हेतु किए गये प्रयासों को समझाइए। **(2)**

**38.** शिक्षण अधिगम सामग्री से आप क्या समझते हैं? शिक्षण में दृश्य उपकरणों की उपयोगिता को स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**39.** 'अध्यापक के लिए श्यामपट्ट सर्वाधिक महत्वपूर्ण सहायक सामग्री है।' आप इस कथन से कहाँ तक सहमत है। कारण सहित स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**40.** उपचारात्मक शिक्षण से आप क्या समझते हैं ? मन्द बुद्धि छात्रों के लिए किस प्रकार उपचारात्मक शिक्षण किया जाना चाहिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2016

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin

YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN